ISBN : 978-93-5759-849-1

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों एवम् छात्राध्यापकों में उपभोक्ता जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन

(बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में)

- राजीव अग्रवाल
- शिवानी पाठक
- रजत त्रिपाठी

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों एवम् छात्राध्यापकों में उपभोक्ता जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन

(बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में)

राजीव अग्रवाल

डीन—शिक्षा संकाय

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी (उत्तर प्रदेश)

शिवानी पाठक

एम० ए० (इतिहास, गृह विज्ञान), एम० एड०

रजत त्रिपाठी

बी० एस-सी०, बी० एड०

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों एवम् छात्राध्यापकों में उपभोक्ता जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन

(बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में)

राजीव अग्रवाल

शिवानी पाठक

रजत त्रिपाठी

मूल्य : ₹ 110

ISBN : 978-93-5759-849-1

प्रकाशक

रजत त्रिपाठी

326, पहाड़ी बुजुर्ग, पहाड़ी, कर्वी चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)

पिन कोड- 210206

मो न.- 9575766257

ई-मेल- rt812746@gmail.com

प्राक्कथन

प्रत्येक व्यक्ति एक उपभोक्ता है, चाहे उसका व्यवसाय, आयु, लिंग, समुदाय तथा धार्मिक विचारधारा कोई भी हो। कहावत है कि costumer is always right अर्थात् ग्राहक की बात अथवा शिकायत सदैव सही होती है, हमारे विचार से यह कहावत आज से 50-60 वर्ष पूर्व सार्थक थी। युद्धकाल में राशन, परमिट-कोटा के राज में ग्राहक/उपभोक्ता की दुर्दशा हो गई है और वह परम्परा आज तक चली आ रही है। बाजार का तथाकथित राजा उपभोक्ता, अब दयनीय स्थिति को प्राप्त हो गया है। इस राजा की दयनीय स्थिति जग जाहिर है।

एक जागरूक उपभोक्ता ही एक सशक्त उपभोक्ता है। एक जागरूक उपभोक्ता न केवल स्वयं को शोषण से सुरक्षित रखता है, बल्कि यह संपूर्ण निर्माण और सेवा क्षेत्रों मे दक्षता, पारदर्शिता और जबावदेही को बढा़वा देता है। उपभोक्ता सशक्तीकरण के महत्व को पहचानते हुए उपभोक्ता कार्य खाद्य्य और सार्वजनिक वितरण मत्रालय द्वारा उपभोक्ता शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्ता जागरूकता को सर्वोच्य प्राथमिकता दी गई है।

प्रस्तुत पुस्तक का शीर्षक ‘‘माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों एवं छात्राध्यपको में उपभोक्ता जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन (बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में)’’ है। इस पुस्तक को सात अध्यायों में विभाजित किया गया है।

प्रथम अध्याय में शिक्षा के उद्देश्य ,भारत में शिक्षा की समस्याएं, अध्य्यन के उद्देश्य एवम् अध्य्यन की सार्थकता का वर्णन किया गया है।

द्वितीय अध्याय में उपभोक्ता जागरूकता के संदर्भ में हुए कतिपय शोध अध्ययन तथा अध्ययन से संबन्धित समाचार, लेख पत्र-पत्रिकाएँ, पुस्तकें आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

तृतीय अध्याय में उपभोक्ता जागरूकता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवम् उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

चतुर्थ अध्याय में उपभोक्ता जागरूकता के 10 चयनित क्षेत्रों को विस्तार पूर्वक उल्लेखित किया गया है।

पंचम अध्यायय में शोध विधि,लक्षित न्यायदर्श, शोध उपकरण, परीक्षण का प्रशासन, फलांकन एवम् सांख्यिकीय प्रविधियों का वर्णन किया गया है।

षष्ठ अध्याय में विद्यार्थियों में उपभोक्ता जागरूकता का प्रश्नवार विश्लेषण एवम् समग्र उपभोक्ता जागरूकता विश्लेषण है किया गया है।

सप्तम अध्याय में अध्ययन के निष्कर्ष एवम् शैक्षिक निहितार्थ शोध अध्ययन के सुझाव को प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत पुस्तक लघु शोध-प्रबंध पर आधारित है। शोध कार्य के प्रकाशन से वैज्ञानिक ज्ञान भण्डार में वृद्धि होती है एवं नवीन अनुसंधानों को प्रेरणा मिलती है। किसी भी शोध कार्य का तब तक कोई अर्थ नहीं है: जब तक कि वह जनसामान्य के लिये सुलभ न हो। प्रस्तुत पुस्तक इसी दिशा में किया गया एक प्रयास है। यह पुस्तक विद्यालय से सम्बन्धित हर एक घटक में प्रेरणा का संचार करने में सहायक सिद्ध होगी।

इस पुस्तक के सृजन में सन्दर्भ ग्रंथ सूची में उल्लिखित विभिन्न पुस्तकों का सहयोग लिया गया है। हम सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

प्रस्तुत पुस्तक में अनेक त्रुटियाँ होना स्वाभाविक है। अतः यदि अनुभवी विद्वतगण अवगत कराने का कष्ट

करेंगे, तो हम अत्यन्त आभारी होंगे तथा भावी संस्करण में संशोधन का प्रयास करेंगे।

राजीव अग्रवाल

शिवानी पाठक

रजत त्रिपाठी

विषय सूची

अध्याय प्रथम: अध्ययन परिचय

1.1 प्रस्तावना

''कर्तव्यों का बोध कराती, अधिकारों का ज्ञान,

शिक्षा से ही मिल सकता हैं, सर्वोपरि सम्मान........''

ऊपर दी गई पंक्ति में सही कहा गया है कि शिक्षा से ही हमें अपने कर्तव्य और अधिकारों का ज्ञान प्राप्त होता है और शिक्षा की बदौलत ही सम्मान मिलता है अर्थात शिक्षा ही सफलता का आधार है। शिक्षा से न सिर्फ व्यक्ति का आत्मसम्मान बढ़ता है, बल्कि अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण में भी मदद् मिलती है। शिक्षा से ही जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव को समझने और उन्हें हल किया जा सकता है, शिक्षा के माध्यम से किसी भी तरह की समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है। शिक्षा जीवन के सभी आयामों में संतुलन बनाए रखती है। शिक्षित व्यक्ति हमेशा अपने जीवन में सही फैसले लेता है और सफलता के पथ पर अग्रसर होता है, जबकि बिना पढ़ा-लिखा व्यक्ति हमेशा ही अपने मार्ग से भटकता रहता है, और उसे सफलता नहीं मिल पाती है। स्कूली शिक्षा हर किसी के जीवन में अति महत्वपूर्ण होती है, स्कूल से ही बच्चों को चीजों का बोध होता, अर्थात उनके सोचने और समझने के कौशल का विकास होता है। पूरी शिक्षा को तीन हिस्सों में बांटा गया है, जैसे कि प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा। शिक्षा के इन तीनों प्रभागों का अपना अलग- अलग महत्व और लाभ है। जैसे कि प्राइमरी एजुकेशन यानि कि प्राथमिक शिक्षा आधार तैयार करती है, जो कि व्यक्ति के पूरे जीवन काम आती है, जबकि सेंकेडरी एजुकेशन यानि कि माध्यमिक शिक्षा जो कि किसी व्यक्ति के लिए आगे की पढ़ाई के लिए रास्ता तैयार करती है और हायर एजुकेशन यानि की उच्चतर माध्यमिक शिक्षा, जो कि व्यक्ति के भविष्य के निर्माण और पूरे जीवन का रास्ता तय करती है।

शिक्षा ही हमारा अच्छा और बुरा तय करती है कि हम भविष्य में किस तरह के व्यक्ति होंगें। वहीं आजकल की दुनिया में कम्पटीशन इतना बढ़ गया है कि हर कोई दूसरे से आगे निकलने की दौड़ में है। इसके लिए सिर्फ शिक्षा ग्रहण करना ही जरूरी नही है बल्कि हायर एजुकेशन डिमांड बढ़ गई है, क्योंकि अच्छी नौकरी और ऊँची पोस्ट अच्छी एजुकेशन और हाई स्किल्ड व्यक्ति को ही मिलती है। वहीं अगर शिक्षा अच्छी

तरह से ग्रहण की जाए तो बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए कई सारे रास्ते खुल जाते है। यही नही शिक्षा से ही हमें जानकारी हासिल होती है, हमारे अंदर तकनीकी कौशल का विकास होता है और अच्छी जॉब पॉजीशन हासिल होती है, इसके साथ ही शिक्षा हमें मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से मजबूत बनाती है।

1.1.1 शिक्षा: विकास की प्रक्रिया

शिक्षा ही मानव विकास का मूल आधार है। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य अपनी शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक एवं आध्यात्मिक शक्तियों को अनुशासित करता है। इस प्रकार मनुष्य के स्वानुशासन के विकास मे 'शिक्षा' का महत्वपूर्ण स्थान है। जब से बालक इस संसार में जन्म लेता है, तभी से वह वातावरण के साथ अनुकूलन स्थापित करना प्रारम्भ कर देता है। वातावरण एवं पर्यावरण के साथ अनुकूलन स्थापित करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है प्रारम्भिक अवस्था में बालक की सीखने की गति प्रायः कम होती है। धीरे-धीरे जब बच्चा बड़ा होता है तो वह वातावरण से कुछ नये अनुभव अर्जित करता है और उसके फलस्वरूप उसका व्यवहार परिवार एवं समाज तथा समुदाय के अनुकूल हो जाता है। बालक के अनुभव का यह क्रम दिन-प्रतिदिन बढ़ता रहता है जिसके परिणामस्वरूप उसका व्यवहार संयमित होने लगता है शिक्षा के द्वारा ही एक असभ्य, अविकसित, अपरिपक्क मानव, सुसभ्य एवं सुविकसित इंसान के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

शिक्षा केवल मानव जाति के व्यवहार में परिवर्तन लाने तक ही सीमित नही है अपितु उनका चारित्रिक विकास भी करती है। संसार के अन्य प्राणियों की अपेक्षा मनुष्य पर शिक्षा का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक होता है क्योंकि मनुष्य एक विवेकशील एवं बुद्धिमान प्राणी है। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य के पशुवत व्यवहार में परिवर्तन करके उसे एक सामाजिक प्राणी बनाया जाता है। सामाजिक प्राणी बनाने की प्रक्रिया मे परिवार, विद्यालय समाज तथा समुदाय बालक की सहायता करते हैं। बालक की शिक्षा के विकास में प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम निर्धारित किये जाते है जिससे बालक के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य की प्राप्ति आसानी से की जा सके। बालक की शिक्षा में उच्च शिक्षा अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। समाज की आर्थिक व्यवस्था चार प्रकार की श्रेणियों मे विभक्त रही है। ब्राह्मण वर्ग से अपेक्षा की जाती थी कि वह समुदाय को पुरोहित, चिन्तक, लेखक, विधायक, धार्मिक नेता तथा पथ प्रदर्शक देंगे। क्षत्रिय वर्णसमाज को योद्धा शासक प्रशासक, वैश्य समाज को उत्पादक, कृषक, शिल्पकार व्यापारी देते थे। शुद्र वर्ण छोटे-छोटे कार्यो के लिए भृत्यों या नौकरी की आपूर्ति करते थे। इस प्रकार की प्रणाली में धर्म चिन्तन तथा विद्या को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया। सामाजिक व्यवस्था जन्म के आधार पर नही, अपितु व्यक्ति क्षमता व आन्तरिक व्यवस्था के आधार पर निर्धारित की गयी। वर्णो के आधार पर तदनुरूपी चार पुरूषार्थ स्थापित किये गये जो उस समय की दैनिक सोच के द्योतक है- ब्राह्मण-मोक्ष, क्षत्रिय-काम,

वैश्य-अर्थ, शुद्र-धर्म। कालान्तर में यही वर्ण व्यवस्था जातिव्यवस्था में परिणत हुई तथा जातीय संघर्ष का जन्म हुआ।

1.1.2 माध्यमिक शिक्षा: बहुयामी ज्ञान की कड़ी

माध्यमिक शिक्षा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। एक ओर यह निम्न मध्यम वर्ग की अकांक्षाओं की पूर्ति करती है प्राथमिक विद्यालयों हेतु शिक्षक तैयार करती है। साथ ही वह प्राथमिक शिक्षा व उच्च शिक्षा के बीच सम्पर्क सूत्र का कार्य भी करती है। अनेक शिक्षाविदों के अनुसार माध्यमिक शिक्षा का विकास संतोषजनक नहीं हुआ सैयदेन के अनुसार सारे संसार के शैक्षणिक क्षेत्रों में माध्यमिक शिक्षा के आम ढर्रे के प्रति गहरा असन्तोष रहा है और वे काफी समय से यह अनुभव करते रहे है कि उसकी आमूल पुनर्रचना तत्काल आवश्यक है।

1.1.3 भारत में माध्यमिक शिक्षा का विकास

माध्यमिक शिक्षा आधुनिक शिक्षा की देन है। प्राचीन और मध्यकाल में इस प्रकार के विद्यालय नही थे। माध्यमिक शिक्षा का प्रसार भारत में सबसे पहले विदेशी मिशनरियों द्वारा किया गया है। भारत में माध्यमिक शिक्षा के विकास को मुख्य रूप से दो कालों में विभाजित कर सकते है।

1. स्वतन्त्रता से पूर्व माध्यमिक शिक्षा

2. स्वतन्त्रता के पश्चात माध्यमिक शिक्षा

➢ स्वतन्त्रता से पूर्व माध्यमिक शिक्षा

ब्रिटिशकाल से पूर्व माध्यमिक शिक्षा, ब्रिटिशकाल में माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य धनी भारतीयों को अपने अंग्रेज प्रशासकों की भाषा सीखने की मांग की पूर्ति करना था। सन 1854 से 1917 तक की अवधि माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना का प्रारम्भिक काल था सन् 1854 से 1817 तक की अवधि में माध्यमिक शिक्षा के प्रसार व विकास एवं अधिनियमों की चर्चा की गई है। बुड़ के घोषणा पत्र में माध्यमिक शिक्षा के विकास से सम्बन्धित प्रमुख बाते इस प्रकार थी। विद्यालयों और विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता देने के लिए अनुदान प्रणाली प्रारम्भ की जाए इस सुझाव से माध्यमिक विद्यालयों को सर्वाधिक लाभ हुआ और नवीन माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना को पर्याप्त प्रोत्साहन मिला।

➢ स्वतन्त्रता के पश्चात माध्यमिक शिक्षा

स्वतन्त्र भारत में माध्यमिक शिक्षा गतिशील बनाने एवं देश की परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने हेतु अनेक समितियों एवं आयोगों की नियुक्तियाँ की गयी समय-समय पर शिक्षा नीतियाँ बनायी गयी तथा विकास की योजनाएं व कार्यक्रम बनाये गए सर्वप्रथम 1948 में ताराचन्द्र समिति का गठन किया गया। सन् 1948-49 में डॉ0 राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग का गठन किया गया। सन् 1964-66 प्रो0 दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में भारतीय शिक्षा आयोग का गठन किया गया इसके पश्चात सन् 1968, 1979 और 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गयी। सन् 1992 में परिकल्पित राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गयी। सभी पंचवर्षीय योजनाओं में माध्यमिक शिक्षा पर अलग से धन उपलब्ध करने की व्यवस्था की गयी और योजनाएँ व कार्यक्रम चलाए गए।

1.1.4 भारत में शिक्षक प्रशिक्षण का विकास

भारत में अध्यापक शिक्षा व्यवस्था का जन्म शिक्षा के साथ ही 2500 शताब्दी पूर्व हुआ। अध्यापक शिक्षा व्यवस्था को पाँच भागों बाँटा जा सकता है-

1. प्राचीन और मध्यकालीन शिक्षा- 2500 ई. पू. से 500 ई. पू.

2. बुद्धकालीन शिक्षा- 500 ई. पू. से 1200 ई.

3. मुस्लिम कालीन शिक्षा- 1200 से 1700 ई.

4. ब्रिटिश कालीन शिक्षा- 1700 से 1947 तक

5. स्वतन्त्र भारत में अध्यापक शिक्षा- 1947 से अब तक

1. प्राचीन और मध्यकालीन शिक्षा - ब्राह्मण शिक्षा देकर अपना जीविकोपार्जन करते थे। उस समय प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कोई औपचारिक संस्था नहीं थी। छात्र अपने गुरु, माता-पिता या अभिभावक के द्वारा ही प्रशिक्षित होते थे। यह एक आनुवंशिक प्रक्रिया थीं शिक्षण कला को शिक्षक अपने परिवार के माध्यम से सीखता था। शिक्षण व्यवसाय एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को प्राप्त होता था। डॉ. आर.पी. सिंह के अनुसार इस काल में ब्राह्मण परिवारों में वंशानुक्रम से ही शिक्षण कार्य होता था। यद्यपि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि अध्यापक प्रशिक्षण देने के लिए कोई औपचारिक व्यवस्था की गयी थी परन्तु यह सत्य है कि शिक्षक अपने विषयों का ज्ञान प्राप्त करते थे। स्पष्ट है कि इस काल में शिक्षक प्रशिक्षण की कोई औपचारिक व्यवस्था नहीं थी।

2. बुद्धकालीन शिक्षा - बुद्धकाल के प्रारम्भ में 2500 ई. पू. से 500 ई. पू. तक शिक्षण एक वंशानुक्रमित प्रक्रिया थी। इस काल में अध्यापक शिक्षा के महत्व को जान लिया गया था। इसी समय यह धारणा बनी कि

शिक्षण का व्यवसाय केवल ब्राह्मणों की ही धरोहर नहीं है अपितु किसी भी वर्ग या समुदाय का कोई भी प्रतिभाशाली व्यक्ति प्रशिक्षणोपरान्त अध्यापक का दर्जा प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार औपचारिक अध्यापक प्रशिक्षण की व्यवस्था इस काल में शुरू हुई।

बौद्धकालीन प्रशिक्षण विधि और तकनीकी बहुत साधारण थी। प्रशिक्षित भुक्षुओं की विधि एक विशेष प्रकार की व्यवस्था पर आधारित थी जो कि मोनीटोरियल व्यवस्था कहीं जाती थी। इस प्रकार से अध्यापक शिक्षा की औपचारिक व्यवस्था सामने आयी। इस प्रकार शिक्षण एक अच्छे व्यवसाय के रूप में समझा गया।

3. मुस्लिम कालीन शिक्षा - मुस्लिम काल में अध्यापक शिक्षण की कोई औपचारिक व्यवस्था नहीं थी। शिक्षा एक जनकार्य थी। शैक्षिक संस्थायें 'मदरसों' के रूप में थी। केवल 'मौलवी' ही अध्यापक के रूप में कार्य करते थे।

4. ब्रिटिश कालीन शिक्षा - ब्रिटिश कालीन शैक्षिक व्यवस्था इंग्लैंड क शैक्षिक व्यवस्था के अनुसार स्थापित की गई। यह शिक्षा की प्रगतिशील व्यवस्था थी। शिक्षकों के प्रशिक्षण की मोनीटोरियल व्यवस्था और शिक्षक प्रशिक्षण की औपचारिक व्यवस्था भारत में अभी नहीं आई थी। भारत में अध्यापक शिक्षा की औपचारिक व्यवस्था के रूप में सर्वप्रथम डेनमार्क के मिशनरियों ने सीरामपुर (पश्चिम बंगाल) में एक औपचारिक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया।

इस प्रकार तीन और व्यक्तिगत संस्थायें खोली गई जिनको नॉर्मल विद्यालय कहा गया। ये मद्रास, बम्बई और कलकत्ता में थीं। इन संस्थाओं में कार्य शुरू होने के बाद सरकार ने इनमें भाग लिया। इस प्रकार के स्कूल पूना और सूरत में भी खोले गये।

1.1.5 भारत में शिक्षक प्रशिक्षण का स्वरूप

19 वीं शताब्दी के अंत में देश में मद्रास,लाहौर,जबलपुर, इलाहाबाद राजा मुंदी, करसिंयाग में 6 प्रशिक्षण कॉलेज थे। माध्यमिक अध्यापको के लिए पचास प्रशिक्षण विद्यालय थे। अस्तु अध्यापक शिक्षा के विद्यालयों की संख्या में वृद्धि की गई और उन्हें अधिक उच्चतर (एडवांस) बनाया गया। लार्ड कर्जन ने शिक्षा और प्रशिक्षण की ओर पर्याप्त ध्यान दिया। उन्होनें भारत में अध्यापक प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, ''यदि विद्यालयी शिक्षा को अधिक प्रभावशाली बनाना है तो अध्यापकों को अच्छी प्रकार से प्रशिक्षित होना चाहिए।''

भारत सरकार के सन् 1904 के पुनर्समाधान में शैक्षिक नीति में अध्यापक शिक्षा की समस्या पर बल दिया गया। इसमें घोषणा की गई कि, ''यदि उच्च स्तर पर माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापन का कार्य

बढा़ना है, यदि विद्यार्थियों में पाठ्यपुस्तक पर निर्भर होने की प्रवृत्ति एवं रटने की प्रवृत्ति घटानी है तो यूरोपीय ज्ञान का प्रसार उपयुक्त विधि के द्धारा किया जाना चाहिए। यह आवश्यक है कि शिक्षकों को शिक्षण की कला में प्रशिक्षित होना चाहिए।''

1.1.5.1 शिक्षण संस्थान

''शिक्षा व संस्था'' शब्द का व्यापक अर्थ है। शिक्षा में प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक की विभिन्न शिक्षा संस्थायें सभी आ जाते हैं तथा इन शिक्षाओं को संचालित करने वाले सभी ''संस्था'' की श्रेणी में आते हैं और इन दोनों का राष्ट्र के बौद्धिक विकास में विशेष योगदान रहा है चाहे वे व्यावसायिक उद्देश्य से ही क्यों न संचालित हो रहे हों।

- **सरकारी शिक्षण संस्थान**

सरकारी शिक्षण संस्थान पूर्णतः सरकारी होते तथा शिक्षण कार्य हेतु सरकार द्वारा ही शुल्क वितरण की व्यवस्था की जाती है तथा राजकीय विद्यालय पूर्णता सरकारी होतें है। जैसे- जी आई सी, जी जी आई सी।

- **अनुदानित शिक्षण संस्थान**

अनुदानित शिक्षण संस्थानों के प्रबन्ध कार्य का संचालन करने हेतु सरकारी अनुदान प्रबन्ध समिति द्वारा वितरित किया जाता है। यह एडेड विद्यालय होतें है।

- **निजी शिक्षण संस्थान**

आज के आर्थिक विकासवादी अवस्था में शिक्षा के निजीकरण की विचारधान ने उच्च शिक्षा के पुर्नउत्थान और उन क्षेत्रों में निजी शिक्षा संस्थाओं को स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, क्योंकि इन क्षेत्रों में पहले कोई भी योगदान देते नहीं आया था, यदि आया भी था तो अत्यंत कम अवस्था में। आज ग्रेट ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों स्कूलों को जो उच्च मानक शिक्षा संस्था की कोटि प्राप्त है वह वास्तव में शिक्षा के निजीकरण के कारण ही है। यद्यपि यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि गैर सहायता प्राप्त (निजी) शिक्षक संस्थाएं अपने प्रशासन में स्वायत्ता के हकदार है।

1.1.5.2 पाठयक्रम

पाठ्यक्रम के कारण समय एवं शक्ति दोनों की बचत होती है। शिक्षक, विद्यार्थी तथा शिक्षाशास्त्री सभी का समय बच जाता है, निश्चित्ता होने के कारण उन्हें इधर-उधर नही भटकना पड़ता है। पाठ्यक्रम शिक्षा के उद्देश्यों

की प्राप्ति कराता है। शिक्षा का जैसा पाठ्यक्रम रहता है, शिक्षा के उद्देश्य वैसे ही होते है, बिना पाठ्यक्रम के शैक्षिक उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो सकती है।

पाठ्यक्रम की परिभाषा

‘‘मुनरो के अनुसार ’’ पाठ्यक्रम में वे सब क्रियाएं सम्मिलित है जिनका हम शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विद्यालय मे उपयोग करतें है।

‘‘कनिंघम के अनुसार’’ कलाकार (शिक्षक) के हाथ में यह (पाठ्यक्रम) एक साधन है,जिससे वह पदार्थ (विद्यार्थी) को आदर्श उद्देश्य के अनुसार अपने स्टूडियों (स्कूल) में ढा़ल सकें।

‘‘फ्रोबेल के अनुसार’’ पाठ्यक्रम को मानव जाति के सम्पूर्ण ज्ञान तथा अनुभवों का सार समझना चाहिए।

‘‘क्रो तथा क्रो के अनुसार’’ पाठ्यक्रम में सभी विद्यार्थी के वे सभी अनुभव सम्मिलित है, जिन्हें वह स्कूल के अन्दर या बाहर प्राप्त करता है और जिन्हें उसके मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक तथा नैतिक विकास के लिए बनाये गये कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाता है।

‘‘डिवी के अनुसार’’ सीखने का विषय यह पाठ्यक्रम पदार्थो विचारों और सिद्धान्तों का चित्राण है जो कि उद्देश्य पूर्ण लगातार क्रियान्वेषण से साधन या बाधा के रूप आ जाते है।

‘‘मुदालियर आयोग के अनुसार’’ पाठ्यक्रम वह है जो छात्र के जीवन के प्रत्येक बिन्दु को स्पष्ट करता है।

➢ बी0एड0

शिक्षा स्नातक कार्यक्रम जिसे बी0एड0 कार्यक्रम कहते है, जो प्राथमिक, माध्यमिक स्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक के लिए अध्यापक तैयार करता है,

● अवधि

बी0एड0 कार्यक्रम दो वर्ष का होगा, तथा विद्यार्थी इस कार्यक्रम को अधिक से अधिक तीन वर्ष में   कर सकतें है,

● कार्यदिवस

प्रत्येक वर्ष में काम से कम 200 कार्य दिवस होगे। इसमें प्रवेश तथा परीक्षा की अवधि सम्मिलित नही है।

- कार्यक्रम चलाने वाली संस्था प्रति सप्ताह कम से कम 36 घण्टे कार्य करेगी।
- विद्यार्थी के लिए उपस्थिति 80% होने चाहिए।
- अन्य में 90% होने चाहिए।

● दाखिला क्षमता, प्रवेश प्रक्रिया तथा शुल्क

- छात्रों की एक मूल इकाई में 50 विद्यार्थी होंगे। संस्था में अधिकतम दो इकाई को प्रवेश दिया जायेगा।
- कार्यक्रम में प्रवेश के लिए स्नातक डिग्री/ विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/मानविकी विज्ञान में काम से 50% वाले विद्यार्थी पात्र होंगे, तथा अन्य के लिए 55% होने चाहिए, पिछड़ी जातिय के लिए राज्य सरकार के नियम अनुसार छूट मिलेगी।
- कोई संस्था समय -समय पर यथा सम्बोधित राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद विनियम 2002 के प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार या संस्था फीस निर्धारित करेगी। यूपी में प्रति वर्ष बहुत अधिक संस्था में उम्मीदवार परीक्षा देते है। डी0एल0एड0 का फुल फॉर्म डिप्लोमा इन एलीमेंटरी एजुकेशन आपको ये भी बता दें कि डिप्लोमा इन एलीमेंटरी एजुकेशन करने के बाद आपको टेट या सीटेट भी पास करना होगा आप तभी सरकारी अध्यापक बन सकते है

❖ बी0 एल0 एड0

यह एक पूर्णकालिक स्नातक पाठ्यक्रम है इस पाठ्यक्रम को करने की अवधि 4 वर्ष है बी0एल0एड0 का पूरा नाम बैचलर ऑफ एलेमेटरी एजूकेशन है। पूर्व में यह एक वर्ष का होता था अब कई संस्थानो मे यह 2 वर्ष का होता है। और कई में 3 वर्ष का हो गया है। प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को 25000 शुल्क जमा करना होता हैं।

❖ डी0एल0एड0 बी0टी0सी0 के लिए योग्यता

शैक्षिक योग्यता : डी0एल0एड0 एक 2 साल का फुल-टाइम डिप्लोमा कोर्स है जो 4 सेमेस्टर में बांटा गया है। जिन्होने किसी भी क्षेत्र में सफलतापूर्वक बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बीटेक पूरा किया है। कला, विज्ञान और वाणिज्य के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं।

आयु सीमा: आपको बता दें कि पुरूष और महिला दोनों के लिए है आयु सीमा एक ही है।

न्यूनतम आयु: - 18 वर्ष

अधिकतम आयु: - 35 वर्ष

डी0एल0एड0 करने के लिए चयन प्रक्रिया फीस का भुगतान नही करना पड़ेगा यदि डी0एल0एड0 गवर्मेंट कॉलेज से किया जाये तो उसका शुल्क 10000 रूपये होगा यदि कोई प्राइवेट कॉलेज मिलता है तो इसकी फीस 41000 रूपये होगी।

1.1.6 शिक्षा के उद्देश्य

‘‘टी०पी० नन के अनुसार’’ संसार में जो भी अच्छाई आती है वह व्यक्तिगत पुरूषों तथा स्त्रियों के स्वतंत्र प्रयासों द्वारा आती है शिक्षा की व्यवस्था इसी सत्य पर आधारित होनी चाहिए तथा शिक्षा को ऐसी दशायें उत्पन्न करनी चाहिए जो वैयक्किता का पूर्ण विकास हो सके तथा व्यक्ति मानव जीवन को अपना मौलिक योग दे सके।

‘‘हरबर्ट स्पेंसर के अनुसार’’ शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण जीवन की तैयारी है।

‘‘जे०एफ० ब्राउन के अनुसार’’ शिक्षा का उद्देश्य उत्तम नागरिक बनाना है।

1.1.7 भारत में शिक्षा की समस्याएँ

भारत में शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली समस्याओं निम्नलिखित हैं।

बुनियादी ढांचा की कमी

2010 में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार अभी तक 95.2 फीसदी स्कूल आरटीई बुनियादी ढांचे के पूरे सेट के अनुरूप नहीं है। पीने के पानी की सुविधा नहीं है, एक कार्यात्मक आम शौचालय है और लडकियों के लिए अलग शौचालय नहीं हैं।

1. बोर्डों की संख्या –

पूरे भारत में पाठ्यक्रमों की एकरूपता का कारण नहीं है इसलिए गुणवत्ता मानक के रख-रखाव काफी मुश्किल है।

3. संस्थानों की खराब वैश्विक रैंकिग

पहले 400 में केवल 4 विश्वविद्यालय ही प्रर्दिर्शत किए जाते हैं। यह मुख्य रूप से उच्च संकाय- छात्र अनुपात और शोध क्षमता की कमी के कारण है।

4. शिक्षा की व्यवस्था

शिक्षा आधारित जानकारी के बजाय ज्ञान आधारित है। संपूर्ण फोकस इसे समझनें और विश्लेषण करने के बजाय सूचना को क्रमबद्ध करने से है।

5. प्रदान की गई शिक्षा और उद्योग के लिए आवश्यक शिक्षा के बीच अंतर

उद्योग को उपयुक्त कर्मचारी खोजने के लिए एक समस्या का सामना करना पडता है क्योंकि प्रदान की गई शिक्षा सीधे उद्योग में काम करने के लिए उपयुक्त नहीं है इससे पहले कि एक कर्मचारी को कर्मचारी के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने पर बड़ी रकम खर्च करने की आवश्यकता होती है।

6. लिंग मुद्दे

पांरपरिक भारतीय समाज कई प्रकार के भेदभाव से ग्रस्त है, इसलिए महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक जैसे समाज के गैर- मान्यता प्राप्त वर्गो की शिक्षा में कई बाधाएं है।

7. महंगी उच्च शिक्षा

उच्च शिक्षा के लिए बहुत कम राशि सब्सिडी प्रदान की जाती है, यदि छात्र उच्च शिक्षा संभावनाएं प्राप्त करना चाहते हैं, फिर भी वह आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण बाहर निकल जाते हैं।स्वतन्त्रता के पश्चात शिक्षा के क्षेत्र में कुछ सुधार अवश्य हुए है। परन्तु कुल मिलाकर स्थिति संतोषजनक नही है। वर्तमान में शिक्षा की मुख्य समस्याओं और दोषों में पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्या, शिक्षण विधियों की समस्या, पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण की समस्या, गुणात्मक शिक्षक शिक्षा अथवा प्रशिक्षण की समस्या, सामुदायिक सामंजस्य की समस्या आदि है।

1.2 समस्या का प्रार्दुभाव

आज उपभोक्ता एक ग्राहक के रूप में जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट बिना मानक की वस्तुओं की विक्री, अधिक दाम, गांरटी के बाद सर्विस नहीं देना, हर जगह ठगी कम नाप तौल इत्यादि संकटों से घिरा है। ग्राहक संरक्षण के लिए विभिन्न कानून बने है इसके फलस्वरूप भी उपभोक्ता आज सरकार पर निर्भर हो गया है।

सरकार अपनी धीमी गति के कारण जन-जन को प्रभावित नहीं कर पा रही है आज भी शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नौकरीपेशा लोग गृहणियों को इस बात की जानकारी नही है कि बे मिलावट को कैसे पहचाने, जागरूक कैसे बने, उन्हें असली नकली वस्तुओं में फर्क नही पता बे दुकानदारों की बातो में आकर

ज्यादा दाम भी दे देतें है फिक्स रेट के जमाने में चलते उपभोक्ताओं पर दुकानदार हावी हो जाते है उत्तर प्रदेश बोर्ड में ब एन0सी0आर0टी0 की बुक कक्षा 9 ब 10 की कितावों में उपभोक्ता संरक्षण का पाठ होने के बावजूद छात्र इतने जागरूक नही है कानून और सेहत से जुड़े तथ्यों से अनभिज्ञ है और सब एक अंधी राह पर चल रहे है इन सबसे उभरने के लिए एक शशक्त माध्यम से सभी को अपने अधिकार कर्तव्य जानने होगें, असली नकली में पहचान करना होगा, सेहत मंद वस्तुओं को जानना होगा, हो रही वेइमानी से बचकर जागरूक होना होगा, इन्ही विचारों को लेकर शोधकर्त्री ने उपभोक्ता जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन को शोध समस्या के रूप में चुना है।

1.3 समस्या कथन

‘‘माध्यमिक स्तर के विद्यार्थीयों एवं छात्राध्यापकों में उपभोक्ता जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन ; (बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विशेष संदर्भ में)”

1.4 अध्ययन समस्या का औचित्य

आज उपभोक्ता के रूप में लगभग सभी असंतुष्ट है जब मुझे कक्षा 9 में गृहविज्ञान पढ़ाने का मौका मिला तो मैनें पाया कि पाठ्यक्रम में उपभोक्ता जागरूकता के नाम पर सिर्फ संरक्षण अधिनियम उपभोक्ताओं के अधिकार व सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं राशनिंग प्रक्रिया पढ़ाया जाता है, कैसे जागरूक रहे, किस तरह मिलावट व धोखाधड़ी से बचे इत्यादि नही पढ़ाया जाता है

शोधकर्त्री, विद्यार्थियों, गृहणियों एवं समाज के अन्य व्यक्तियों से विचार विमर्श के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि इन सभी में उपभोक्ता जागरूकता के प्रति अत्यंत अनभिज्ञता एवं उदासीनता विद्यमान है और इस विषय में शोध की अत्यधिक आवश्यकता है।

1.5 समस्या में निहित शब्दों की व्याख्या

1.5.1 माध्यमिक स्तर

प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् जो शिक्षा प्राप्त की जाती है, उसे माध्यमिक शिक्षा कहते है। इसे दो भागों में बाँटा जा सकता है।

1. निम्न माध्यमिक स्तर

2. उच्च माध्यमिक स्तर

यह शिक्षा की सबसे अधिक महत्वपूर्ण तथा शिक्षा जगत की सबसे कमजोर कड़ी है। महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि इस स्तर पर विश्व में सबसे अधिक लोग इसी शिक्षा को प्राप्त करते हैं और इस शिक्षा को प्राप्त करने के बाद या तो किसी व्यावसायिक शिक्षा या तकनीकि शिक्षा में प्रवेश पाते है।

माध्यमिक शिक्षा अधिनियम (Secondary Education Act) 1960 ने भी माध्यमिक शिक्षा की परिभाषा इस प्रकार दी है- वह **''शिक्षा जो प्राथमिक शिक्षा के पश्चात् विद्यार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।'' माध्यमिक शिक्षा कहलाती है।**

1.5.2 विद्यार्थी

विद्यार्थी वह व्यक्ति होता है जो कोई चीज सीख रहा होता है। विद्यार्थी दो शब्दों से बना होता है- ''विद्या'' + ''अर्थी'' जिसका अर्थ होता है 'विद्या चाहने वाला'। विद्यार्थी किसी भी आयुवर्ग का हो सकता है बालक, किशोर, युवा, या वयस्क। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि वह कुछ सीख रहा होना चाहिए।

1.5.3 छात्राध्यापक

राष्ट्रीय विकास के लिए मानीवय संसाधन को उपयोगी बनाने में अध्यापकों की अहम् भूमिका है। कक्षागत क्रियाकलापों के लिये अध्यापक अनेक शिक्षण युक्ति एवं विधियाँ प्रयोग करता है। वर्तमान में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध कराने पर अधिक बल दिया जा रहा है। शिक्षण में सृजनात्मक अभिवृत्ति छात्रों की रचनात्मकता को पोषित करती है। जिससे वे उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का समुचित प्रयोग करके संतोषजनक परिणामों को सुनिश्चित कर सके। यशपाल समिति (1992), ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राध्यापकों के स्वतन्त्र चिंतन व स्व-अधिगम क्षमता के विकास पर मुख्य जोर दिया। उत्तम स्तर के शिक्षण संस्थानों को स्थापित करने में अध्यापकों की शिक्षण कौशल सक्षमता एक महत्वपूर्ण कारक है।

1.5.4 उपभोक्ता जागरूकता

शोषण के खिलाफ संरक्षण निर्माताओं और विक्रेताओं के कम वजन, बाजार मूल्य से अधिक कीमत लेने , डुप्लीकेट माल आदि की बिक्री के रूप में कई मायनों में उपभोक्ताओं का दोहन किया जाता है। उनके विज्ञापन के माध्यम से बड़ी कंपनियाँ भी उपभोक्ताओं को गुमराह करती है। उपभोक्ता जागरूकता उन्हें निर्माताओं औंर विक्रेताओं द्धारा शोषण से बचाने का एक माध्यम है।

1.5.5 तुलनात्मक

तुलनात्मक अध्ययन में दो या उससे अधिक भाषाओं में रचित साहित्य के साम्य या वैषम्य रूपों या प्रवृतियों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है। जैसे रवीन्द्र नाथ टैगोंर का रचित बांग्ला गीतों और मीर गालीब द्वारा लिखा गया उर्दू गजलों के साथ तुलना करनें पर सामने साम्य- बैषम्य आता है उसे तुलनात्मक साहित्य कहा जाता है।

1.5.6 अध्ययन

किसी विषय के सब अंगो या गूढ़ तत्वों का ज्ञान प्राप्त करने के लिये उसे समझने या पढने की क्रिया अध्ययन कहलाती है।

1.5.7 बुन्देलखण्ड क्षेत्र

बुन्देलखण्ड एकीकल पार्टी द्धारा प्रस्तावित बुन्देलखण्ड राज्य में कुछ जिले उत्तर प्रदेश के तथा कुछ मध्य प्रदेश के हैं, यह क्षेत्र पर्याप्त आर्थिक संसाधनों से परिपूर्ण है किन्तु फिर भी यह अत्यंत पिछड़ा है। इसका मुख्य कारण है, राजनीतिक उदासीनता। न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकारें इस क्षेत्र के विकास के लिए गंभीर हैं। इसलिए इस क्षेत्र के लोग अलग बुन्देलखण्ड राज्य की मांग लम्बे समय से करते आ रहे है।

1.6 अध्ययन के उद्देश्य

किसी अनुसंधान कार्य का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक विधि का प्रयोग करके समस्याओं का समाधान खोजना होता है। परन्तु अनुसंधान की समस्याए किसी व्यक्ति विशेष के समक्ष दिन-प्रतिदिन आने वाली समस्याए अभी तक अज्ञात सत्यों, सिद्धान्तों या उपयोगों को सामने लाती है। वस्तुतः प्रत्येक अनुसंधान कार्य की अपनी कोई विशिष्ट समस्या एवं अपना कोई एक स्पष्ट व विशिष्ट उद्देश्य अवश्य होता है, कार्यपरक की दृष्टि से प्रस्तुत शोध कार्य के उद्देश्य अग्रांकित है-

1.उपभोक्ताओं के विभिन्न अधिकारों का अध्ययन करना।

2.उपभोक्ताओं की शिकायत निवारण की प्रक्रिया का अध्ययन करना।

3. माप-तौल के नियमों का अध्ययन करना।

4. प्रमाणीकरण चिह्नों का अध्ययन करना।

5. पैकेजों और लेबलों पर इस्तेमाल होने वाले प्रतीकों का अध्ययन करना।

6. उपभोक्ता जागरूकता की नवीन प्रवृत्तियों का अध्ययन करना।

7. पाठय पुस्तकों में उपभोक्ता जागरूकता सम्बन्धी सामग्री का आलोचनात्मक अध्ययन करना।

8. उपभोक्ता जागरूकता सम्बन्धी तथ्यों के पाठयक्रम में समावेशन हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

9. खाद्य पदार्थों में मिलावट व धोखाधड़ी का अध्ययन करना।

10. विभिन्न वस्तुयें क्रय करते समय रखी जाने वाली सावधानियों का अध्ययन करना-

- मसालों
- पैकेट बन्द
- दवांइया
- विद्युत उपकरण इलेक्ट्रॉनिक सामान
- आभूषण

1.7 परिकल्पनाएँ

1. अनुदानित एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों में उपभोक्ता जागरूकता प्राप्तांकों के मध्यमान मे कोई सार्थक अन्तर नही है।

2. छात्र एवं छात्राओं के उपभोक्ता जागरूकता प्राप्तांकों के मध्यमान में कोई सार्थक अन्तर नही है।

1.8 अध्ययन का परिसीमांकन

परिसीमन से तात्पर्य अनुसंधान समस्या के लिए निर्धारित किए गये अध्ययन क्षेत्र को किसी परिधि से घेर तक सीमित कर देने से होता है। दूसरे शब्दों में, अनुसंधानकर्ता अपने संसाधनों, समय, आर्थिक क्षमता, योग्यता तथा लक्ष्य को ध्यान में रखकर अनुसंधान समस्या का आकार निर्धारित कर लेता है। परिसीमन व सीमांकन में एक सूक्ष्म रेखा वाला अन्तर होता है, परिसीमांकन में अनुसंधानकर्ता द्धारा जानबूझकर निश्चित की गई सीमा रेखाएं होती है जबकि सीमांकन प्रयास के बावजूद अनुसंधान मे रह गई कमियों, त्रुटियों या विवशताओं का वर्णन होता है। यहाँ शोधकर्त्री ने परिसीमांकन करके अध्ययन का निम्नलिखित परिसीमांकन किया है-

- प्रस्तुत अध्ययन उपभोक्ताओं को विभिन्न अधिकारों के प्रति व विभिन्न क्षेत्रों में कैसे जागरूक रहें, तक सीमित है।
- प्रस्तुत अध्ययन उ0प्र0 की पाठयपुस्तकों तक सीमित है।
- प्रस्तुत अध्ययन कक्षा 6 से 12 तक सीमित है।

- प्रस्तुत अध्ययन खाद्य पदार्थों, दवाओं, कपडो, इलेक्ट्रॉनिक सामानों व सर्राफा तक ही सीमित है।

1.9 अध्ययन का महत्व एवं सार्थकता

प्रस्तुत पुस्तक से उपभोक्ताओं की परेशानियां उजागर होगीं वे अपने अधिकारों को सरल व सहज भाषा में समझ सकेंगें, उपभोक्ता अपने उत्तरदायित्व भी समझेगें। प्रस्तुत अध्ययन के माध्यम से उपभोक्ता किस प्रकार मिलावट होती है, ठगा जाता है, से सतर्क हो सकेगें,छात्र अध्ययन के समय मे जागरूकता को जान पायेंगे व एक कुशल उपभोक्ता बन सकेगें। आज के छात्र कल के भावी नागरिक हैं ये पाठयक्रम में उपभोक्ता जागरूकता के समावेशन से स्वयं जागरूक तो होगें ही साथ ही साथ सभी को जागरूक करेगें। इस प्रकार प्रस्तुत पुस्तक विद्यार्थियों, शिक्षकों, पाठयक्रम निर्माताओं आदि के लिए निश्चित ही उपयोगी सिद्ध होगा।

अध्याय द्वितीय: सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण

2.1 प्रस्तावना

अनुसंधान के क्षेत्र में सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण चरण है। इसके अवलोकन से शोध सम्बन्धी जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता है। सम्बन्धित साहित्य की जानकारी प्राप्त होने से शोधकर्ता की जटिलता स्वतः समाप्त अथवा कम हो जाती है तथा समय, शक्ति व धन की वचत होती है। सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण सम्बन्धित क्षेत्र में किए गयें शोध एवं अनुसंधान कार्यों के बारे में गहन जानकारी देता है। सम्बन्धित साहित्य से तात्पर्य अनुसंधान की समस्या से सम्बन्धित उन सभी प्रकार की पुस्तकों, दृष्टिकोणों, पत्र-पत्रिकाओं, शोध-प्रबन्धों तथा अभिलेखों आदि से है, जिनके अध्ययन से अनुसंधानकर्ता को अपनी समस्या के चयन, परिकल्पनाओं के निर्माण, अध्ययन की रूपरेखा तैयार करने तथा वर्तमान कार्य को आगे बढ़ाने में सहायता मिलती है। प्रत्येक अनुसंधानकर्ता को यह भली-भाँति ज्ञान होना चाहिए कि उसके अन्वेषण क्षेत्र में कौन- कौन से स्त्रोत प्राप्त कर सकता है उनमें से किनका उपयोग करना है तथा वह उन्हें कहाँ से प्राप्त कर सकता है ?

अनुसंधान क्षेत्र से सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण के बिना अनुसंधानकर्ता का कार्य अन्धेरें में तीर चलाने के समान हो जाता है। सम्बन्धित साहित्य का अवलोकन कर अनुसंधानकर्ता अपनी समस्या को सार्थक, मौलिक तथा अद्धितीय बनाता है एवं अनुसंधान की एक उपयुक्त रूपरेखा तैयार करने में मदद करता है। प्रायः देखा गया है कि अनेक अनुसंधानकर्ता अपने अनुसंधान कार्य से सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण को गम्भीरता से नही लेते है। सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन अनुसंधान प्रबन्ध में एक अध्याय को जोड़ देने अथवा ग्रन्थसूची को बढा़ने तक सीमित नही रहता है वरन अनुसंधान के औचित्य को स्पष्ट करने, रूपरेखा को बनाने एवं प्रदत्तों के संकलन व व्याख्या में महत्वपूर्ण सहायता करना है। वस्तुतः अनुसंधान के प्रत्येक स्तर पर यह अत्यन्त सहायक होता है।

सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण के महत्व को स्पष्ट करते हुए गुड, बार तथा स्केट्स ने लिखा है-

''एक कुशल चिकित्सक के लिए यह आवश्यक है, कि वह अपने क्षेत्र में हो रही औषधि सम्बन्धित आधुनिक खोजों से परचित रहे, उसी प्रकार शिक्षा के जिज्ञासु छात्र, अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करने वाले तथा अनुसंधानकर्ता के लिए भी उस क्षेत्र से सम्बन्धित सूचनाओं एवं खोजों से परिचित होना आवश्यक है''

मानव ही एक ऐसा प्राणी है जो इस संसार में आकर सभी कार्य नये सिरे से प्रारम्भ ही नही करता वरन वह अपने प्रत्येक कार्य सम्पादन में सदियों से संचित ज्ञान भंडार से भी लाभान्वित होता है।

इस प्रकार सभी शिक्षाविद् एवं लेखकों ने एकमत से अनुसंधान कार्य की सफलता के लिए सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन अपरिहार्य माना है। सम्बन्धित साहित्य की उपायोगिता को निम्न बिन्दुओं से स्पष्ट किया जा सकता है-

1. सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण अनुसंधानकर्ता को अनावश्यक पुनरावृत्ति से रोकना है।

2. यह अब तक उस क्षेत्र विशेष में हो चुके कार्य की सूचना देता है।

3. यह शोध प्रबन्ध के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में अनुसंधानकर्ता के ज्ञान,उसकी स्पष्टता व कुशलता को स्पष्ट करता है।

2.2 उपभोक्ता जागरूकता के सन्दर्भ में हुए शोध अध्ययन

❖ भारत में हुए अध्ययन

बाबू हुसैन शरीफ (2016) द्वारा किया गया अध्ययन **'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एवं सशक्तीकरण पर उपभोता व्यवहार: एक अध्ययन'** में तमिलनाडू राज्य के परिप्रेक्ष्य में उपभोक्ता संरक्षण एवं सशक्तीकरण का अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन **में 'बिना कष्ट सहै लाभ नहीं मिलता'** सूक्ति को उपभोक्ताओं के लिए कहा गया है और उपभोक्ताओं को जागरूक होना ही चाहिए उन्हें अपने मूलभूत अधिकारों के लिए आगे आना चाहिए और उनके लिए लड़ना चाहिए। अध्ययनकर्ता ने प्रसिद्ध सिद्धान्त **'क्रेता सावधान रहें- देखकर खरीदें' की जगह' 'विक्रेता सावधान रहें- देखकर बेचें'** को स्थापित करने का प्रयास किया है। अध्ययनकर्ता ने इस सिद्धान्त का सुझाव देकर उपभोक्ता संरक्षण को एक नई दिशा दी है और मजबूत व सकारात्मक प्रयास किया है।

आरती हरीश कुमार जोशी (2013) द्वारा किया गया अध्ययन **'वर्तमान में युवा उपभोक्ताओं पर उपभोक्ता जागरुकता में बढ़ोत्तरी के प्रभाव का विश्लेषण'** में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का अध्ययन किया गया है, इस अध्ययन में प्रसंस्करण उद्योग की नीतियों, सरकारी नीतियों, भारतीय व विदेशी व्यापार का

अध्ययन किया गया है, इस अध्ययन में आज की युवा पीढ़ी की विभिन्न आदतों का भी अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन में 300 उपभोक्ताओं को लिया गया हैं जो डिब्बा बंद भोज्य पदार्थो का प्रयोग करते है।

श्रीमती एम0वी0 सत्यभामा (2015) द्वारा किया गया अध्ययन **'सघनता वितरण में उपभोक्ता जागरुकता के निर्धारक तत्व'** में अनुसंधानकर्त्री ने उपभोक्ता जागरुकता के कारकों से जुड़े हुए स्तरों का अध्ययन किया है इसमें अनुसंधानकर्त्री ने- शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के आधार पर, लिंग के आधार पर, आयु के आधार पर, जीविका के आधार पर, मासिक आय के आधार पर, समाचार पत्र पढ़ने वालों के आधार पर, पत्रिकाओं को पढ़ने वालों के आधार पर, उपभोक्ता फोरम में सदस्यता रखने वालों के आधार पर, ब्राण्डों की विविधताओं के आधार पर, स्वतन्त्र रुप से खरीददारी करने वालों के आधार पर, शिकायतों के आधार पर उपभोक्ता जागरुकता का अध्ययन किया है। अनुसंधानकर्त्री को समाज के विभिन्न लोगों के मतों के अनुसार पठन-पाठन की आदतों व उन पर हुए विचार-विमर्श से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि अभी-भी उपाभोक्ताओ को सहायता की आवश्यकता है। सहायता प्राप्त होने से उपभोकताओं में जागरुकता के घन्त्व में वृद्धि होती है। उपभोक्ता अपनी रुचि के अनुसार एक बुद्धिमान खरीददार बन जाता है और वह बाजारवाद को गहराई से लेकर तुलना करता है और अपने अधिकारों व कानून के बारे में रुचि दिखाता है।

मनीषा शुकुल (2015) द्वारा किया गया अध्ययन 'गृहणियों में पर्यावरण की दृष्टि से उपभोगी वस्तुओं की खरीददारी और उपभोग व्यवहार से सम्बन्धित जागरुकता' में अनुसंधानकर्त्री ने अपने में अध्ययन पाया है कि गृहणियों में औसतन ही पर्यावरण की स्थिति/समस्याओं के बारे में जागरुकता है और एक उपभोक्ता के रुप में पर्यावरण की दृष्टि से अपने उत्तरदायित्वों में औसत दर्जे का ही अनुकूलित रवैया है। बहुत सी गृहणियों को 'एगमार्क' के बारे में नहीं पता और न ही इसका अर्थ जानती है और न ही उद्देश्य और यहाँ तक भी वे इन मार्क से उत्पादों में होने वाले असर को जानने की इच्छुक भी नहीं है। अतएव अनुसंधानकर्त्री ने सरकार, शैक्षिक संस्थाओं और समाजसेवी संस्थाओं के लिए कुछ सुझाव भी प्रस्तुत किए है-

- गृहणियों में एगमार्ग की जानकारी बिल्कुल Nill है, इसके लिए सरकारों को ठोस कदम उठाने चाहिए इसके लिए सरकार को संचार के विभिन्न माध्यमों जैसे-पत्र-पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, टी0वी0 आदि के माध्यम से जागरुकता फैलानी चाहिए।
- अध्ययन में यह बात भी सामने आयी है कि गृहणियों की पर्यावरण के प्रति जागरुकता औसत दर्जे की है अतः सरकारों को पर्यावर्णीय शिक्षा देने के कार्यक्रम जरुर प्रस्तुत करवाने चाहिए।

❖ विदेश में हुए शोध अध्ययन

1.

विषय- Consumer Awareness and Knowledge of recombbinant bovine somatatropin

अनुसंधानकर्ता- Erin A Schefer

वर्ष- 1955

विश्वविद्यालय-University of Massachusetts Amherst, U.S.

2.

विषय-Consumer Awareness of Nutrition Services

अनुसंधानकर्ता - Shirley Warfield

वर्ष- 1973

विश्वविद्यालय-University of Wisconsin, U.S.

3.

विषय-Consumer Awareness of Right in te State of Coloado

अनुसंधानकर्ता- Carttan Wilburn Mason

वर्ष- 1974

विश्वविद्यालय-Ph.D. University of Northern Colorado

4.

विषय- An empirical investigation of consumer awareness thhrough small group education

अनुसंधानकर्ता- Karlene Lowe Ryan

वर्ष- 1974

विश्वविद्यालय- M.S. California Statte University, Fresno

5.

विषय-The assessment of consumer awareness of aduts

अनुसंधानकर्ता- Virinia Anna aldeman Dickinson

वर्ष- 1980

विश्वविद्यालय- Ed. D. Ulah University

6.

विषय-Consumer Awareness in South Africa

अनुसंधानकर्ता- G G Rousseau

वर्ष- 1993

विश्वविद्यालय- University of Port Elizabeth Caps Town, South Africa

2.3 अध्ययन से सम्बन्धित समाचार, पत्र, पत्रिकाए, पुस्तकें आदि

अध्ययन से संबन्धित लेख

1. कश्यपदीपक (16 March 2019)

उपर्युक्त लेख में दीपक कश्यप जी ने उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए कहा है कि चाहेवह एक रुपये का सामान ले या फिर हजारों का, बिल जरुर ले| तथा उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद् (युवा) जिला कार्यालय का उदघाटन करतेहुए मुख्य अतिथि जय प्रकाश आर्य ने कहा कि जिले में युवाओं को जोड़ने का काम जो शुरू हुआ है उससे अभियान को अधिक मजबूती मिलेगी|

2. आभीर जयकृष्ण (5 Mar 2012)

इस लेख के अंतर्गत एस.डी.एम.डॉ० जयकृष्ण आभीर द्वारा उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों व दैनिक जीवन में उपयोग लायी जाने वाली वस्तुओं को खरीदते समय उनकी गुणवत्ता के मापदंडो पर ध्यान देने की बात कही है उन्होंने बताया है कि उपभोक्ताओं के कल्याण एवं उनके अधिकारों के संरक्षण की दिशा में हरियाणा राज्य में केन्द्रीय सरकार के दिशा निर्देशानुसार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है तथा इस अधिनियम के अन्तर्गत उपभोक्ता फोरम भी स्थापित किये गये है।

3.परिहार कालूराम (2002)

इस लेख में उल्लेख किया गया है कि सार्वजानिक परीक्षाओं में अव्वल आने वालों और टेलीवीजन के एंकरों, कलाकारों, से लेकर फिल्मों और लोकप्रिय खेलों के खिलाडियों तक सभी किसी न किसी ब्राण्ड के अम्बेसडर है| सानिया मिर्ज़ा, सचिन तेंदुलकर,महेंद्र सिंह धोनी, शाहरुख़ खान, ऐश्वर्या रॉय, अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी सभी प्रसिद्ध और अमीर लोग उपभोक्ता संस्कृति के खुशहाल 'जीवन के प्रवत्ता है।

4. जागरण संवाददाता (23 Dec 2017)

लखनऊ में उपभोक्ताओं को बढते बाजारवाद व ठगी से बचने के लिए केंद्र सरकार उपभोक्ता संरक्षण कानून को और अधिक पैना बनाने की तैयारी में है उपभोक्ता संरक्षण कानून 1986 में ऐसे तमाम प्रावधान किये जाने की तैयारी है जिनके लागू होने के बाद उपभोक्ता और अधिक सुरक्षित हो जायेगे |

5.कंवर राकेश कुल्लू (2014)

कुल्लू के देवसदन में कॉलेज ऑफ़ टीचर एजुकेशन धर्मशाला व आई.आई.पी.ए. नई दिल्ली के उपभोक्ता अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में उपभोक्ता संरक्षण एवं सशक्तिकरण पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपायुक्त कुल्लू राकेश कुंवर ने यह बात कही | उन्होंने कहा कि आर्थिक उदारीकरण व उपभोक्तावाद के इस दौर में आम उपभोक्ता का जागरूक होना जरूरी है इसलिए उपभोक्ता जागरूकता को एक जन आन्दोलन का रूप दिया जाना चाहिए |

पत्र पत्रिकाओं से सम्बन्धित अध्ययन

❖ सकेत श्रीवास्तव 15 मार्च 2016

बैतूल से प्रकाशित इस पत्रिका में उपभोक्ताओं के अधिकारों और उनके संरक्षण को लेकर विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन सतपुडा क्लव बैतूल में प्रकाशित किया गया। जिसके अर्न्तगत डी0 एम0 भुजाल्दा ने उपभोक्ताओं को जागरूक करने हेतु जिले मे उपभोक्ता जागरूकता शिवरों का आयोजन किया।

❖ दीपेश तिवारी 16 दिसम्वर 2017

इस पत्रिका में सक्रिय उपभोक्ता को प्रेरणा देने के लिए इस बार राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर प्रकाश डाला गया है।

पुस्तकों सम्बन्धी अध्ययन

❖ मिश्र रामचन्द्र (उपभोक्ता वस्तुओं का विज्ञान)

इन्होने अपनी पुस्तक के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थो दाले, तेल, मसाले में की जा रही मिलावट के प्रति जागरूकता का अध्ययन का विवरण प्रस्तुत किया है।

❖ **गुप्ता प्रकाश (उपभोक्ता संरक्षण विधि) -** उपभोक्ताओं को विभिन्न क्षेत्रों में कैसे जागरूक करे तथा उपभोक्ता संरक्षण के अधिनियम के प्रति जागरूकता का विवरण सम्मिलित किया गया है।

2.4 निष्कर्ष

ऊपर वर्णित भारत में उपभोक्ता अधिनियम, संरक्षण, सशक्तीकरण, मार्क के प्रति जागरुकता, युवाओं की जागरुकता, गृहणियों की जागरुकता इत्यादि पर शोध कार्य किए गए है और विदेशों में न्यूट्रिशयन सर्विस, अधिाकार, वेज-नॉन वेज प्रोडेक्ट, स्वास्थ्य आौर भोज्य पदार्थ के प्रति जागरुकता इत्यादि पर शोध कार्य हुए है। इनका अध्ययन कर शोधकर्त्री ने पाया कि इनमें उपभोक्ता जागरुकता के विभिन्न क्षेत्रों का एकल रुप में अध्ययन किया गया है, और संयुक्त रुप से अध्ययन की अपार सम्भावनाएं है। इसलिए शोधकर्त्री ने प्रस्तुत पुस्तक में आवश्यक संज्ञान के क्षेत्रों का संयुक्त रुप से सम्प्रत्यात्मक अध्ययन किया है। निष्कर्षः कहा जा सकता है कि अध्ययन किए गए शोध कार्यो में संयुक्त रुप से कोई कार्य नही किया गया है।

तृतीय अध्याय : उपभोक्ता जागरूकता की संप्रत्यात्मक पृष्ठभूमि

3.1 अध्ययन का आशय

उपभोक्ता अधिकारों की घोषणा सबसे पहले अमेरिका में 1962 में स्थापित की गयी थी। उन्हे उपभोक्ता तथा आंदोलन के पिता के रूप में संदर्भित किया जाता है। पूंजीवाद और वैश्वीकरण के इस युग में, अपने लाभ को अधिनियम करना प्रत्येक निर्माता का मुख्य उद्देश्य है। हर संभव तरह से यह निर्माता अपने उत्पादों की बिक्री को बढा़ने के लिए प्रयास कर रहे है। इसलिए, अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये वे उपभोक्ता के हित को भूल जाते है और अपने उदाहरण के लिए ज्यादा किराया, वजनी, मिलावटी और गरीब गुणवत्ता की वस्तुओं की बिक्री, झूठे विज्ञापन आदि देकर उपभोक्ताओं को गुमराह करने के तहत शोषण करते रहतें है। इस तरह के धोखे से खुद को बचाने के लिए उपभोक्ता को चौकस रहने की आवश्यता है। इस तरह से, उपभोक्ता जागरूकता का मतलब है की उपभोक्ता अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता रखते है।

आज की संस्कृति उपभोक्तावादी संस्कृति है। प्रत्येक स्थान पर उपभोक्ताओं का लुभाने का प्रयत्न किया जा रहा है। आज उपभोक्ताओं की दशा बहुत अच्छी नही कही जा सकती है, क्योकि जहाँ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कानून बनाये गये है वही व्यापारियों के मन में अधिक लाभ पाने की लालसा भी बढ़ती जा रही है। आज जहाँ प्रत्येक प्रदेश या जिले जहाँ पर उपभोक्ताओं के हितो की रक्षा के लिए उपभोक्ता फोरम बनाया गया है परन्तु उपभोक्ता वर्ग द्वारा इसका प्रयोग नहीं किया जाता क्योकिं भारत की आधी जनता यह जानती ही नही कि उनके हितों की रक्षा के लिए कानून बनाये गये है। इन्ही अज्ञानी जनता के हितों का व्यापारी द्वारा शोषण किया जा रहा है। आज के इस प्रतियोगिता वादी समाज में व्यापारी कम दाम पर अधिक लाभ पाने की इच्छा करते है तथा दूसरी तरफ औद्योगीकरण तथा बढ़ते हुए शहरीकरण ने जहाँ एक ओर दूषित वातावरण की समस्या को जन्म दिया है वही दूसरी ओर उपभोक्ता व्यवसायियों के दूषित मनोवृत्ति का शिकार हैं। इसके अतिरिक्त बाजार में उपभोक्ता वस्तुओं में आवश्यक प्रतियोगिता का भी अभाव है। प्रतियोगिता को सीमित करने के बहुत से घटकों मे से विज्ञापन, साधनों की बरवादी, अज्ञानता और

व्यवसायियों द्वारा अपनायी गई प्रतिबन्धित क्रियाएँ प्रमुख है। अतः उपभोक्ता अब सुरक्षित नही रहा और उसकी सुरक्षा या उपभोक्तावाद का प्रसार करले के लिए भारत में कोई सशक्त संस्था भी नही है। दूसरी ओर आज का फुटकर व्यापारी (जो समस्त वितरण व्यापार को नियंत्रित करता है) वस्तुओं या सेवाओं का विक्रेता मात्र न होकर जीवन स्तर का परीक्षक भी होना चाहिए जो वह नहीं है। उपभोक्ता की माँग में अनायास दुतगति से वृद्धि तथा उनकें मूल्यों में विवर्तन ने वितरण प्रणाली पर पर्याप्त प्रभाव नही डाला और वह अभी तक प्राचीन ढंग से चली आ रही है। इस कारण उपभोक्ता को अपने व्यय के समकक्ष न तो उपयोगिता ही मिल पाती है और न वह अपनी आवश्यकता की वस्तुओं की वह किस्म ही प्राप्त कर पाता है जो वह चाहता है। माप - तौल में कभी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक समस्या रही है जिसका शिकार प्रत्येक वर्ग का उपभोक्ता रहा है। दुर्भाग्य से दशमलव और मीट्रिक प्रणाली के प्रचलन के बावजूद अव भी कदाचित कई क्षेत्रों में पुरानी पद्धतियों और पुराने माप- तौल के तरीकों का प्रयोग होता है। पैकेज्ड कमोडिटीज (रेगुलेशन) आर्डर के अधीन उत्पाद पर अनिवार्य रूप से मूल्य अंकित किये जाने की व्यवस्था ने उपभोक्ताओं को अधिमूल्य से कुछ सुरक्षा प्रदान की है। लेकिन देखने में आता है कि स्थानीय कर अतिरिक्त की आड में फुटकर व्यापारी उपभोक्ता से अधिक मूल्य बसूल करने में समर्थ रहे है। इसी प्रकार विज्ञापन की दुनिया के शिकार सामान्य रूप से सभी वर्ग के उपभोक्ता है। विज्ञापन जिसका प्राथमिक उद्देश्य उत्पादन के वारे मे सूचित करना है।

3.2 अध्ययन का महत्व

यह जानना बहुत कठिन हो गया है कि ऐसा उत्पादक या विक्रेता कौन है? उत्पादक के लिए व्यवहारिक रूप से यह संभव नहीं है कि वह उत्पादक विक्रेता से व्यक्तिगत संपर्क कर सकें। इसके अलावा विकसित सूचना प्रौद्योगिकी के युग में उपभोक्ता और उत्पादक विक्रेता के बीच भौतिक दूरी भी बढ़ गई है, क्योंकि वह उपभोक्ता अपनी वस्तुएं टेलीफोन पर आदेश देकर या इंटरनेट आदि के माध्यम से घर बैठे प्राप्त करते हैं। इसी प्रकार वस्तुओं में यह जानना बहुत कठिन हो गया है कि कौन एक असली है? लोग सोचते हैं कि एक उत्पाद जिसका विज्ञापन आया है। अच्छा होना चाहिए या उत्पादक जिसका नाम विज्ञापन के माध्यम से जाना गया है अवश्य ही अच्छा उत्पाद बेच रहा होगा। किंतु यह हमेशा सच नहीं हो सकता। कुछ विज्ञापनों में उपभोक्ताओं को गुमराह करने के लिए अधिकतर सूचना जानबूझकर छुपा दी जाती है।

पैक किए हुए खाद पदार्थ, उत्पाद और दवाइयों पर समाप्ति की तारीख होती है। जिसका तात्पर्य यह है कि वह विशिष्ट उत्पाद उस तारीख से पहले उपभोग कर लेना चाहिए और उस तारीख के पश्चात बिल्कुल नहीं। यह सूचना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उपभोक्ता के स्वास्थ्य से संबंधित है। कभी-कभी ऐसा होता है कि या तो ऐसी सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाती है। उत्पादक जानबूझकर यह सूचना नहीं देता क्योंकि उपभोक्ता ने इसके विषय में नहीं पूछा या उत्पाद पर लिखे हुए निर्देश पर ध्यान नहीं दिया।

इन्हीं समस्याओं को देखते हुये उपभोक्ता जागरूकता के अध्ययन की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

3.3 अध्ययन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

9 अप्रैल, 1985 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने उपभोक्ता संरक्षण के लिए कुछ दिशानिर्देशों को अपनाते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को सदस्य देशों खासकर विकासशील देशों को उपभोक्ताओं के हितों के बेहतर संरक्षण के लिए नीतियां और कानून अपनाने के लिए राजी करने का जिम्मा सौंपा था। उपभोक्ता आज अपने पैसे की कीमत चाहता है। वह चाहता है कि उत्पाद या सेवा ऐसी हो जो तर्कसंगत उम्मीदों पर खरी उतरें और इस्तेमाल में सुरक्षित हो। वह संबंधित उत्पाद की खासियत को भी जानना चाहता है। इन आकांक्षाओं को उपभोक्ता अधिकार का नाम दिया गया। 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

उपभोक्ता अंतर्राष्ट्रीय(सीआई), जो पहले अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता यूनियन संगठन (आईओसीयू) के नाम से जाना जाता था, अमेरिकी विधेयक में संलग्न उपभोक्ता अधिकार के घोषणापत्र के तत्वों को बढ़ा कर आठ कर दिया जो इस प्रकार है- 1. मूल जरूरत 2. सुरक्षा 3. सूचना 4. विकल्प पसंद 5. अभ्यावेदन 6. निवारण 7. उपभोक्ता शिक्षण 8. अच्छा माहौल।

सी.आई. एक बहुत बड़ा संगठन है और इसमें 100 से अधिक देशों के 240 संगठन जुड़े हुए हैं।

3.4 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

